आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



## लाखों रुपये की चोरी कर हवाई जहाज से रांची आया था

# मुंबई का शातिर इंजीनियर चोर रांची में होटल से धराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया थाना की पुलिस के सहयोग से मुंबई पुलिस ने एक शातिर इंजीनियर चोर को स्टेशन रोड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अभिमन्यु अर्जुन गुप्ता है। वह मुंबई से सोना चोरी करने के बाद फ्लाइट से छह सितंबर को भाग कर रांची पहुंचा था। उसने रांची के ही मेन रोड गुरुद्वारा के पास एक ज्वेलरी शॉप में चोरी का 76 ग्राम सोना बेचा था। जिसकी कीमत करीब पौने चार लाख रुपये बतायी जा रही है। मुंबई पुलिस को टेक्निकल टीम से जानकारी मिली थी कि अभिमन्यु रांची में छिपा हुआ है। उसके बाद मुंबई पुलिस के सब इंस्पेक्टर राजेंद्र नाग्रे के नेतृत्व में एक टीम ने रांची में स्टेशन रोड स्थित होटल में चुटिया पुलिस के सहयोग से छापेमारी की और उसे धर दबोचा।

चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को मुंबई पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर मुंबई

> चार लाख के गहने बेचे और उसी दिन जुआ में दो लाख रुपये हार गया
>
> जुआ में अब तक तीन- चार करोड़ रुपये हार चुका है
>
> जुआ और गर्लफ्रेंड के चक्कर में चोरी शुरू की

जायेगी। बताया कि अभिमन्यु मूल रूप से यूपी के बस्ती का रहने वाला है। उसने मुंबई से इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है। आरोपी के पास से एक चोरी का सोने का हार, मोबाइल सहित अन्य समान बरामद किया गया। बताया कि चोरी के जेवरात बेचकर जो रुपये मिले हैं, उसमें से करीब सभी पैसे ऑनलाइन जुए में एक दिन में हार गया है। पूछताछ में चोर अभिमन्यु ने बताया कि दो लाख जुआ में बीते रात ही हार गया है।

वहीं मुंबई पुलिस के अनुसार जांच पड़ताल और पूछताछ में पता चला है कि अभिमन्यु जुआ में तीन से चार करोड़ रुपये अबतक हार




चुका है। जुआ और गर्लफ्रेंड को घुमाने के लिए पैसे जुटाने के लिए चोरी शुरू कर दी। उसने अबतक डेढ़ दर्जन से अधिक चोरिया की हैं। करोड़ों के जेवरात सहित कैश भी चोरी कर चुका है। बताया कि शातिर इंजीनियर चोर चोरी करके शहर छोड़ देता है और दूसरे शहर में जाकर रहने लगता। बताया कि देश के कई शहरों में अपना गर्लफ्रेंड्स बनाया है। पुलिस के अनुसार अभिमन्यु रांची में भी अलग-अलग तीन प्रेमिका से मिला है। एक उसने रांची रेलवे स्टेशन के पास में, दूसरा होटल में और तीसरा रामगढ़ में प्रेमिका से मिला है। वह लड़कियों को एक इंजीनियर के रूप में ही बताता था। अभिमन्यु फराटेदार अंग्रेजी बोलता है ताकि लोगों को कभी शक ना हो कि वो कितना बड़ा चोर है।

इधर जेवर खरीदने वाले सोनार को भी पूछताछ के लिए मुंबई पुलिस ने चुटिया थाना लाया। सोनार ने बताया कि उसने युवक के द्वारा कागजात दिखाया तभी जेवर खरीदा था और उसने सोने को गला भी दिया है। फिलहाल पुलिस उनसे भी पूछताछ कर रही है। यहां बता दें शातिर इंजीनियर चोर ने बंद घर का ताला तोड़कर 6 सितंबर को घर से सोने के गहने चोरी करते समय उस कागजात भी चोरी कर लिया था जो जेवर खरीदते समय दुकान से मिला था। इसलिए रांची में बेचने के दौरान कागजात दिखाकर उसने आसानी से बेच दिया और दुकानदार से रुपये लेकर होटल में ऐश मौज करने चला गया।

मुंबई पुलिस ने बताया कि विलासिता पूर्ण जीवन जीने के लिए वह मुंबई, नवी मुंबई और थाणे में घरों के ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने बताया कि इस दौरान वह अपनी पहचान छुपाने के लिए टोपी और चेहरे पर मास्क पहनता था। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते ही अभिमन्यु ने कुर्ला में एक घर का ताला तोड़कर सोने और चांदी के गहने चुराये और भाग गया। जब परिवार वापस आया तो उसने घर का ताला टूटने और घर से गहने गायब होने की रपट लिखायी।

### अब तक 25 से ज्यादा घरों के ताले तोड़े

उन्होंने बताया कि आरोपी ने कबूल किया कि उसने मुंबई में 20 से ज्यादा घरों के ताले तोड़े, जिनमें से आधा दर्जन से ज्यादा अकेले कुर्ला इलाके में थे पुलिस ने बताया कि अभिमन्यु घर के बाहर रखी चप्पल व जूते भी चुरा लेता था। पुलिस को अभिमन्यु गुप्ता के जूते व चप्पल से भरे चार बैग भी एक बार बरामद हुई थी। उन्होंने कहा कि आरोपी का इंस्टाग्राम पर भी अकाउंट है और उसके अच्छे खासे फॉलोअर्स भी हैं। आरोपी ने कबूल किया कि वह कसीनो और महंगे कपड़े खरीदने, गर्लफ्रेंड में इन पैसों को खर्च करता था। वहीं चोर अभिमन्यु का फेसबुक, इंस्टाग्राम में हजारों फॉलोवर हैं। इंस्टाग्राम पर ही लड़कियों फेंड्स बनाकर जाल फंसाता है। रील बनाकर वीडियो अपडेट करता है। उसने बताया कि जुआ के चक्कर में चोरी करने लगा।


### पहचान छुपाने के लिए पहनता था मास्क और टोपी

घटना के बाद पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को स्कैन किया, लेकिन शुरुआत में पुलिस आरोपी को पहचानने में नाकाम रही क्योंकि उसने टोपी और मास्क पहन रखा था, लेकिन फुटेज में एक जगह पर उसने अपनी टोपी और मास्क उतारा, जिसके बाद हमें उसकी पहचान हुई। इसके बाद पुलिस उसके एक दोस्त जो कैसिनो चलाता है उससे मोबाइल नंबर मिला उसके बाद आरोपी के रांची आने की सूचना मिली।

## गणेश पूजा धूमधाम से मनायेगा अमर क्लब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अमर क्लब गणेश पूजा हिनू कमिटी के द्वारा इस बार धूमधाम से गणेश पूजा मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें गणपति बाबा की मूर्ति 14 फीट की रहेगी पंडाल व्हाइट हाउस के तर्ज पर बनाया जा रहा है एवं चार दिन की पूजा में सभी दिन भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया है। क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि 20 को जागरण भी किया जायेगा। संध्या आरती 6 बजे होगी। क्लब के सदस्यों ने बताया कि पूजा 19 सितंबर से शुरू होगी जो कि 23 तारीख तक चलेगी जिसमें भगवान को 1001 किलो लड्डू का भोग लगाया जायेगा। 20 तारीख को 1001 किलो दूध के खीर का भोग लगाया जायेगा। 21 तारीख को खिचड़ी का भोग लगाया जायेगा तथा 22 तारीख को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। 23 को संध्या 5:00 बजे विसर्जन



शोभा यात्रा निकाली जायेगी। इस मौके पर अमर क्लब गणेश पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, विनय सिन्हा दीपू, कुंदन सिंह संरक्षक राखी सिंह, अध्यक्ष सोनू सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे, विशाल आनंद, कोषाध्यक्ष कुमार गौरव एवं भोग प्रभारी डिब्बी उर्फ कुलजीत सिंह, संजीव, विष्णु, अमृत, संजय, टिंकू, संजीत, पपली, चंदन, विनोद, किशन, राहुल, छोटू, मिठू, सुनील, कार्तिक, मोनू, आलोक, प्रभु, बिपुल गिरधारी, अजय, पल्लू, गुड्डू, शिवेश मौजूद रहे।

## एसएसपी बाइक पर सादे लिबास में निकले जांच के लिए

# चार थाना प्रभारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वाहन चेकिंग में लापरवाही बरतने के कारण मंगलवार को चार थाना प्रभारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इनमें सुखदेव नगर, लालपुर, चुटिया और अरगोड़ा थाना प्रभारी शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दो पहिया वाहन की सघन जांच सुबह 5:30 से 7:30 तक करने का निर्देश दिया था।

जांच फिरायालाल चौक, सुजाता चौक, अरगोड़ा चौक, न्यू मार्केट चौक एवं लालपुर चौक पर करने को कहा गया था। वाहन चेकिंग की स्थिति की जांच करने के लिए स्वयं एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा बाइक पर सादे लिबास में निकले। एसएसपी ने पाया कि फिरायालाल चौक पर जांच कड़ाई से की जा रही थी,



लेकिन अन्य स्थानों पर जांच में काफी लापरवाही बरती जा रही थी। साथ ही फिराया लाल चौक पर अच्छी तरह से वाहन चेकिंग का कार्य संपादित कर रही टीम को पुरस्कृत करने का आदेश दिया गया है।

### 10 बजे के बाद नहीं चलेगा बार में म्यूजिक सिस्टम

**रांची।** एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सोमवार को चुटिया थाना क्षेत्र के बार मालिकों के साथ चुटिया पुलिस ने बैठक की। चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार ने बार संचालकों को निर्देश दिया है कि 10 बजे के बाद हर हाल में बार में म्यूजिक सिस्टम बंद हो जाना चाहिए। अगर किसी भी बार में निर्धारित समय के बाद म्यूजिक सिस्टम बजता है तो उनपर कार्रवाई की जायेगी। वहीं बार मालिकों को यह भी निर्देश दिया गया है कि किसी भी बार में नाबालिग की एंट्री नहीं होनी चाहिए। रात 11 बजे के बाद कोई भी बार खुला नहीं रहेगा। वहीं निर्देश दिया है कि बार में सीसीटीवी कैमरा सही से लगायें, सीसीटीवी कैमरा में आने जाने वालों का फुटेज सही से आ सके और चालू हालत में हमेशा रहे। बैठक में एक दर्जन बार संचालक शामिल हुए।

## 8 अक्टूबर को रांची में विहिप की धर्मसभा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत टोली की एक बैठक मंगलवार को रांची के शुक्ला कॉलोनी हिनू में हुई।

झारखंड में बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा 29 सितंबर से निकाली जायेगी। 8 अक्टूबर को रांची में धर्मसभा के साथ यात्रा पूर्ण होगी। आज इसकी व्यवस्था संबंधी बैठक हुई। इसमें

> चंद्रकांत रायपत बने कार्यक्रम के संयोजक

सर्वसम्मति से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत को कार्यक्रम संयोजक एवं सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्रा व रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी को सहसंयोजक बनाया गया। बैठक के बाद पदाधिकारियों ने सभा स्थल का भी निरीक्षण किया। बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री डॉ बिरेंद्र साहू, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, रांची विभाग धर्माचार्य संपर्क प्रमुख सुरेंद्र तिवारी, सामाजिक समरसता महानगर प्रमुख पारसनाथ मिश्र उपस्थित थे।

### विधायक ढुल्लू महतो की माता के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की माता के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मरांडी ने आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि परम पिता परमेश्वर ढुल्लू जी की माता की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। तथा परिजनों को दुख की बेला में धैर्य और साहस प्रदान करें। पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारियों ने ढुल्लू महतो की माता के निधन पर शोक जताया है।

## चेंबर चुनाव के लिए 14 सदस्यों ने किया नामांकन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन का दूसरा दिन रहा। किशोर मंत्री समेत 14 सदस्यों ने नामांकन किया। इसमें चुनाव कमेटी के चेयरमैन पवन शर्मा ने भी नामांकन किया। चेंबर चुनाव के लिए 13 सितंबर तक नामांकन दाखिल किया जायेगा। नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 सितंबर को संध्या चार बजे तक निर्धारित है। इस बार चेंबर चुनाव में कई सदस्यों ने अध्यक्ष पद की दावेदारी की है, जिसमें राहुल मारू, डॉ अभिषेक रामाधीन समेत अन्य सदस्यों के नाम हैं। ऐसे में देखना होगा कि

> चुनाव 23 और 24 सितंबर को होगा

चुनाव में किसका पलड़ा भारी रहता है। पिछले साल चुनाव में राहुल मारू और किशोर मंत्री के बीच टक्कर हुई थी। चेंबर का चुनाव 23 और 24 सितंबर को होगा। 24 सितंबर को बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम, मोरहाबादी मैदान में मतगणना होगी। वर्तमान में चेंबर की सदस्यता संख्या 3798 है, जिसमें कुल 3534 आजीवन सदस्य, 169 जनरल मेंबर, 83 संबद्ध संस्था, दो पैट्रोन और दस कॉरपोरेट सदस्य हैं। संबद्ध संस्थाओं को दो वोट का अधिकार है।

### अमृत वाटिका देश के शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: अजय राय




रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी लालपुर मंडल की ओर से भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में पीएन बोस कंपाउंड में मेरी माटी मेरी देश कार्यक्रम के तहत घर-घर घूम कर शहीदों के सम्मान में बनने वाले अमृत वाटिका के लिए एक चुटकी माटी एवं चावल एकत्रित करते किया गया। इसे भाजपा झारखंड प्रदेश के माध्यम से दिल्ली भेजा जायेगा। कार्यक्रम में शामिल भाजपा झारखंड के कार्य समिति के सदस्य व भाजपा प्रदेश मीडिया संपर्क विभाग के संयोजक अजय राय ने कहा कि दिल्ली में बनने जा रहे अमृत वाटिका देश के शहीदों के प्रति सम्मान है और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि जिसे हर भाजपा कार्यकर्ता अपना सहयोग देकर उसमें अपनी सहभागिता निभायेगा। इस मौके पर भाजपा रांची महानगर के महासचिव बलराम सिंह, वरुण कुमार साहू सहित भाजपा लालपुर मंडल के अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, बसंत दास, मुना गुप्ता, गौरव दस्तीदार, राहुल राय के अलावा काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल थे।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

# तीन दिन तक भारी बारिश की संभावना

> रांची सहित राज्य के इन हिस्सों में होगी बारिश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 13 सितंबर से लेकर 15 सितंबर तक बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। इस दौरान मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। इन तीन दिनों में राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश होगी। कई इलाकों में वज्रपात को लेकर भी चेतावनी जारी की गयी है। सोमवार की देर शाम को मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

रांची में मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने 13, 14 और 15 सितंबर को भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। उन्होंने बताया है कि 13 सितंबर को राज्य के दक्षिणी तथा मध्य भाग रांची, रामगढ़, बोकारो, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसा में बारिश हो सकती है। 14 सितंबर को दक्षिण-पश्चिमी तथा मध्य भाग में बारिश होगी इनमें रांची, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। 15 सितंबर को राज्य के पश्चिमी तथा मध्य भागों में आठ जिलों को छोड़कर सभी जिलों में भारी वर्षा की संभावना है।

### पिछले 24 घंटे में मौसम का मिजाज

राज्य में पिछले 24 घंटे की स्थिति देखें तो झारखंड में मानसून कमजोर रहा। राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गयी 27 मिलीमीटर बारिश हजारीबाग के बरही में दर्ज की गयी है। राज्य में तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। 17 सितंबर तक विभिन्न हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना भी जाहिर की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़ा बदलाव नहीं होगा। दो से तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएसपीएमयू में शोकसभा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को दिवंगत सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ भोला महतो के निधन के उपरांत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह की अध्यक्षता में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। इस अवसर पर सभी शिक्षकों और कर्मियों ने स्वर्गीय डॉ भोला महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने डॉ भोला महतो के व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि सरल स्वभाव और कर्मठता उनके व्यक्तित्व का हिस्सा थे। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद अयूब और डॉ गणेश चंद्र बास्के ने भी विस्तार से अपने व्यक्तिगत संस्मरणों को साझा किया। डॉ भोला महतो ने पूर्व के रांची कॉलेज और बाद में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में विभिन्न महत्वपूर्ण अकादमिक और प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दीं।

### जेसीआइ उड़ान ने खाद्य वितरण शिविर लगाया




रांची (आजाद सिपाही)। निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों में तीन में से एक बच्चा दीर्घकालिक कुपोषण से पीड़ित है। पर्याप्त स्तर पर आय के स्थायी स्रोत के बिना, छोटे बच्चों और उनके परिवारों को बुनियादी भोजन तक पहुंच नहीं होती है। इसलिए, हमारे आसपास भूख और भुखमरी से पीड़ित लोगों का समर्थन करने के लिए जेसीआई रांची उड़ान ने पूरे समर्पण के साथ जैथरा जेसीआइ सप्ताह के चौथे दिन के कार्यक्रम के रूप में सेवा सदन अस्पताल के पास 700 लोगों को लाभान्वित करने के लिए खाद्य वितरण शिविर का अध्यक्ष अनिता अग्रवाल और सचिव प्रीति पंकज बागला के तत्वावधान में आयोजित किया। कार्यक्रम की समन्वयक नितीशा जालान हैं। कार्यक्रम की परियोजना पूजा केशरी, प्रीति बागला, रितु गारोदिया, संतोष तुल्सियान, उषा खेमका, निमीषा धानूका, डॉली खेतावत, शिल्पा केजरीवाल हैं। इसके अलावा बरियातू के पास वृद्धाश्रम में दान भी किया। वृद्धाश्रम में 150 लोगों को भोजन के पैकेट, कोल्ड ड्रिंक और चॉकलेट दान किये गये। वरिष्ठजनों के मनोरंजन और उन्हें खुश करने के लिए उनके बीच खेल भी खेले गये। इसके बाद हमने लिटिल एंजल्स स्कूल और रानी सती विद्यालय स्कूल में क्लीन प्लेट जागरूकता अभियान चलाया। इस क्लीन प्लेट जागरूकता कार्यक्रम में कुल 750 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्लीन प्लेट चैलेंज अभियान के लिए स्कूलों में शपथ समारोह भी किया गया। हमने जेसी सदस्यों के 150 बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लीन प्लेट जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया। इस अभियान में हमारे 100 जेसी सदस्यों ने भी भाग लिया। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी पूजा केशरी ने दी है।

### कोकर गणेश पूजा समिति धूमधाम से पूजा करेगी




रांची (आजाद सिपाही)। कोकर गणेश पूजा 2023 इंडस्ट्रियल एरिया गेट नंबर 2 के सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया। कोकर गणेश पूजा समिति का बैठक 17 सितंबर को होगी। इस बैठक में सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। वर्ष 2023 की कमेटी में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक संजीव विजयवर्गीय, चुन्नू सिंह, चंचल चटर्जी, मुकुल सिंह, युवराज पासवान, नंदकिशोर सिंह चंदेल, अरविंद मंडल। संरक्षक : मिथिलेश छतरी, बड़े पाठक, प्रदीप, रवि, राजेश झा, बिहार गोप, राकेश साहनी, वेदनाथ प्रसाद, अभिजीत गुप्ता, केके वर्मा, सूरज शर्मा, विक्की सिंह, प्रिंस, राकेश यादव, नवीन वर्मा, सुजान सिंह। अध्यक्ष : गुड्डू सोनी, उपाध्यक्ष : अखिलेश सिंह, रोहित सिंह, जीतू सिंह, सुमित सिंह, दीपू, कैलाश पंडित, सतीश सिंह, सतीश सुमन। कार्यकारी अध्यक्ष : दुर्गेश झा, अमित कुमार, प्रदीप, बंटी विश्वकर्मा सिंह, गांधी, दीपू, रोहित, मनीष, प्रिंस। यह जानकरी मिडिया प्रभारी रोहित सिंह, धीरज सिंह एवं नमन भारतीय ने दी।

### ज्योति संगम में काल्पनिक पंडाल दिखेगा



रांची (आजाद सिपाही)। इस वर्ष पूजा पंडाल को प्राचीन एवं विलुप्त होते ढ़ोकरा कला के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए हाई डेंसीटी फोम एवं कई प्रकार के धातु का प्रयोग किया जा रहा है। इसका निर्माण बंगाल के कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। पंडाल की चौड़ाई 80 फिट, ऊंचाई 25 फिट एवं लंबाई 28 फिट होगी। पंडाल के आसपास आकर्षक विद्युत सज्जा की जायेगी। इस वर्ष माता की 13 फिट की मूर्ती भी आकर्षण का केंद्र रहेगी जो कि धान के थीम पर होगी। इसका निर्माण मूर्तिकार रामपाल द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष पूजा के आयोजन पर कुल 12 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। जिसमें पंडाल पर 6 लाख, मूर्ती पर 1 लाख, लाइट एवं साउंड पर 1 लाख, पूजा हेतु 1 लाख, विजयदशमी के दिन होने वाले भंडारे पर 1.50 लाख एवं अन्य अनुमानित खर्च 1.50 लाख होगा। भक्तों के दर्शन के लिए षष्ठी के दिन पट खोल दिया जायेगा। पंडाल परिसर में लोगों के लिए खाने पीने के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। भव्य विसर्जन शोभायात्रा 25 अक्तूबर को शाम 4 बजे से निकाली जायेगी जिसमें रामगढ़ की ताशा पार्टी आकर्षण का केंद्र रहेगी। उपरोक्त जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने दी। कार्यकरिणी सदस्य : अमर मोदी, संजय गुप्ता, वेद प्रकाश सिंह, विशाल गुप्ता, आशिष कुमार, संदीप शर्मा, मुकेश वर्मा, आशिष घोष, विक्रांत कुमार, राजू सोमानी, संदीप व्यास, विकास पंकज, निखिल, संस्थापक सदस्य : महाबीर शर्मा, प्रमोद जयसवाल, नंदू शर्मा आदि उपपस्थित थे।

## इक्फाइ विश्वविद्यालय, झारखंड ने हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ सुहाश टेटरवे द्वारा इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड और एचएचआरसी (हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय सामान्य हित के क्षेत्र में एचएचआरसी के साथ काम करेगा, स्वास्थ्य जागरूकता आउटरीच कार्यक्रम का विस्तार करेगा और इक्फाई विश्वविद्यालय के साथ-साथ आईएचएस (स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान), कांके, रांची से युवाओं के पारस्परिक लाभ के लिए विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करेगा। इस अवसर पर, डॉ सुहाश टेटरवे ने एचएचआरसी कार्ड की अपनी योजना के माध्यम से सभी छात्रों और परिवार के सदस्यों को मेडिकल और पैरामेडिकल सुविधाएं देने पर बहुत विनम्रता से सहमति व्यक्त की। जहां छात्रों को उनके परिवार के सदस्यों के साथ उनके महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मापदंडों के लिए महीने में दो और तीन बार परीक्षण किया जायेगा और एमओयू के अनुसार आवश्यकता के मामले में अस्पताल सुविधाओं के उपयोग और विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श के लिए शुल्क में 25% की छूट दी जायेगी। छात्रों के लिए पंजीकरण शुल्क इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रति माह रु.100 होगी। इस अवसर पर प्रो (डॉ) रमन कुमार झा ने कहा कि एचएचआरसी और इक्फाई विश्वविद्यालय के बीच इस प्रकार के सहयोग से हम सर्वोत्तम शिक्षा पद्धतियों के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य का भी सुनिश्चित कर सकेंगे।

## रांची, रामगढ़ और गढ़वा सीजेएम समेत 28 न्यायिक पदाधिकारियों को मिला प्रमोशन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के 28 न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को प्रमोशन मिला है। राज्य सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में झारखंड के अलग-अलग जिलों में सब जज (अवर न्यायाधीश) रैंक में पदस्थापित न्यायिक पदाधिकारियों को जिला जज रैंक में प्रोन्नत किया गया है। जिन न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी है। उसमें सत्यपाल, धर्मेंद्र सिंह, कुमार कांति प्रसाद, संजीव कुमार वर्मा, प्रफुल्ल कुमार, कुसुम कुमारी, निरुपम कुमार, शैलेंद्र कुमार, सूरज प्रकाश ठाकुर, शंकर कुमार महाराज, मिथिलेश कुमार सिंह, अशोक कुमार (3), शेखर कुमार, संजय कुमार (3), फहीम किरमानी, आनंद मणि त्रिपाठी, मनोज कुमार शर्मा, सूर्य मणि त्रिपाठी, कुमारी वैशाली श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत, संतोष आनंद प्रसाद, कुलदीप, ऋचा श्रीवास्तव, सुनील दत्त द्विवेदी, निशांत कुमार, पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी, मंजु कुमारी और नीरज कुमार के नाम शामिल हैं।

## मेसरा में चार दिन से लापता युवक का कुएं से शव बरामद

**रांची (आजाद सिपाही)।** चार दिन से लापता युवक का कुएं से शव बरामद हुआ है। यह रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र के केदल पंचायत का है। जहां मंगलवार को कुएं में एक युवक का शव मिला है। शव मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त केदल पंचायत के रहने वाले दीपक कुमार महतो के रूप में हुई है। युवक पिछले चार दिनों से लापता था। उसकी गुमशुदगी की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी थी। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने कुएं में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी।

## संकल्प सभा पलामू का आज का कार्यक्रम स्थगित

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 13 सितंबर बुधवार को सुबह चार्टर्ड प्लेन द्वारा रांची से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे। इस कारण से कल पलामू जिले में आयोजित संकल्प सभा स्थगित रहेगी। श्री मरांडी छत्तीसगढ़ के बकावंड में बस्तर विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को और मानपुरी में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी कोंडागांव में विधानसभा क्षेत्र स्तरीय रोड शो में हिस्सा लेंगे। इसके बाद देर शाम श्री मरांडी छत्तीसगढ़ से रांची लौट आयेंगे।

## दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के 150 अपराधियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई : डीआइजी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य के डीआइजी अनूप बिरथरे ने कहा कि संगठित अपराधियों और कुख्यात अपराधियों के खिलाफ विस्तृत कार्य योजना के तहत कार्रवाई की जा रही है। संगठित और कुख्यात अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संगठित और शातिर अपराधियों के खिलाफ तीन तरह की सूची बनायी गयी है। इनमें संगठित अपराधियों, 10 से अधिक मामले और पांच से अधिक दर्ज मामले के अपराधियों की सूची शामिल हैं। डीआइजी रांची स्थित कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के रांची जिले में 107, गुमला जिला में 80, लोहरदगा जिला में 25, सिमडेगा जिला में 38 और खूंटी जिला में सात अपराधियों कुल 150 अपराधियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अपराधियों के खिलाफ जमानत रद्द किये जाने संबंधी कार्रवाई हुई है। इनमें रांची में 12, गुमला में पांच, लोहरदगा में छह, सिमडेगा में छह, खूंटी में चार शामिल हैं। कुल 33 अपराधियों की जमानत रद्द करने के लिए प्रस्ताव न्यायालय में समर्पित किया जा रहा है। डीआइजी ने बताया कि सीसीए के तहत रांची में 32, गुमला में एक, सिमडेगा में 10, खूंटी में 12 कुल 45 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। सीसीए के तहत निरोधात्मक, जिलाबदर एवं थाना हाजरी की भी कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण कांडों में अपराधियों के जो जमानतदार हैं, उनके खिलाफ शिकायतें पायी गयी हैं कि कुछ फर्जी जमानतदारों का उपयोग जमानत प्राप्त करने में किया गया है। साथ ही गलत दस्तावेज का उपयोग जमानत प्राप्त करने में किया गया है। इनमें रांची जिले में 98, गुमला में 16, लोहरदगा में 14, सिमडेगा में 59, खूंटी में 32 कुल 121 अपराधियों के जमानतदारों का सत्यापन भौतिक रूप से किया गया है। इस दौरान कई जमानतदार फर्जी पाये गये हैं तथा कुछ जमानतदारों की ओर से इस बात से इनकार किया गया है कि उन्होंने जमानत दी है। इनके आधार नंबर का गलत उपयोग किया गया है।

## चाईबासा में नक्सलियों के आइइडी विस्फोट में ट्रैक्टर चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल

**पश्चिमी सिंहभूम (आजाद सिपाही)।** जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र स्थित कुइड़ा गांव के पास नक्सलियों के लगाये गये आइइडी की चपेट में आकर एक ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर हाथिबुरु सीआरपीएफ कैंप के लिए सामग्री लेकर जा रहा था। इस घटना में ट्रैक्टर का चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया गया कि सीआरपीएफ जवानों के लिए सामग्री लोड कर हाथिबुरु कैंप जा रहा ट्रैक्टर का पहिया आइइडी के ऊपर चढ़ गया, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। इस घटना में ट्रैक्टर चालक बबलू बोदरा और खलासी लोबो गोप गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को सोनुवा पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से सोनुवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### 30 लोग डेंगू से हैं ग्रसित, 20 मरीज चिकनगुनिया पॉजिटिव

# झारखंड में डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मच्छरजनित बीमारियां राज्य में तेजी से पांव पसार रही हैं। हर दिन डेंगू और चिकनगुनिया मरीज के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। राज्य के जिला अस्पतालों और राजधानी रांची के रिम्स में हर दिन संभावित मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। अब तक के आंकड़े बताते हैं कि राज्य में 30 लोग ऐसे हैं जो डेंगू से ग्रसित हैं। जबकि 20 मरीज ऐसे हैं जो चिकनगुनिया से प्रभावित हैं। सभी का इलाज चल रहा है।




**केवल डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज:** सोमवार तक राज्य भर के आंकड़े के अनुसार डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 294 लोगों की जांच हुई। जांच के बाद 30 लोगों में डेंगू होने की पुष्टि हुई है। बात करें पूर्वी सिंहभूम जिले की तो यहां डेंगू के 109 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें आठ मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। संथाल परगना के दुमका में 21 संदिग्ध मरीज मिले हैं। यहां से डेंगू मरीज होने की पुष्टि नहीं हुई है। दुमका के सभी मरीजों का डेंगू जांच के लिए सैंपल लिया गया है। इस सैंपल के रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

**राजधानी में डेंगू के 11 मरीज की पुष्टि:** मच्छरजनित बीमारी डेंगू के मरीजों की संख्या राजधानी रांची में भी है। सभी का रिम्स के इलाज चल रहा है। यहां के 95 संदिग्ध मरीजों की जांच हुई थी। इनमें से 11 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। सरायकेला में 20 और साहिबगंज में 12 डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले। राजधानी रांची से सटे रामगढ़ जिले में भी डेंगू के पांच संदिग्ध मरीज हैं। अन्य जिले की बात करें तो हजारीबाग में 13, दुमका में 21, देवघर में सात, धनबाद में 12, गढ़वा में तीन, कोडरमा में दो, पलामू में दो डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं।

**रांची में चिकनगुनिया के 95 संदिग्ध मरीज:** मच्छरजनित दूसरी बीमारी चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या भी कम नहीं है। सोमवार को राज्य भर में चिकनगुनिया के 240 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें 140 मरीज ने अपना जांच करायी। 20 मरीज चिकनगुनिया पॉजिटिव पाये गये। राजधानी रांची में 95 मरीज चिकनगुनिया के संदिग्ध हैं। सभी की जांच कराये जाने के बाद 20 मरीजों में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है।

# 2024 के मतदान में राज्य के मतदान प्रतिशत को राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से आगे ले जाने का रखें सामूहिक लक्ष्य : के रवि कुमार

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 13 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने अपने कार्यालय स्थित सभागार में राज्य की 13 विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे टर्न आउट इंप्लीमेंटेशन प्लान की समीक्षा की। के रवि कुमार ने बताया कि पिछ्ले चुनाव में झारखंड राज्य का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से थोड़ा कम था। इसे बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर काम करना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पिछले चुनाव में राज्य के 9 शहरी और 42 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से कम था। कोई मतदाता छूटे ना के लक्ष्य के साथ सभी अधिकारियों को समर्पित भाव से कार्य करना है। उन्होंने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र में बूथ लेवल तक जाकर वहां के मतदान प्रतिशत कम होने के कारणों को जाने और योजना बनाकर उन्हें दूर करने का कार्य करें।

इस अवसर पर 13 विधानसभा क्षेत्रों से आये निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता और नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलाए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने अपने क्षेत्र में आने वाली कुछ व्यवहारिक समस्याओं को भी रखा।

समीक्षा बैठक में 41- झरिया से एडीएम लॉ एंड आर्डर धनबाद केके गुप्ता, 40- धनबाद से एसडीओ धनबाद प्रेम कुमार तिवारी, 64- हटिया से एडीएम लॉ एंड आर्डर रांची राजेश्वर नाथ आलोक, 79-हुसैनाबाद से एसडीओ हुसैनाबाद कमलेश्वर नारायण, 43- बाघमारा से निदेशक डीआरडीए धनबाद मुमताज अली अहमद, 27-चतरा से एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, 77 बिश्रामपुर से एसी पलामू सुरजीत कुमार सिंह, 35-बेरमों से एसडीओ बेरमो शैलेश कुमार, 21-बरही से एसडीओ बरही पूनम कुजूर, 76-डाल्टेनगंज से एसडीओ सदर मेदनीनगर राजेश कुमार साह, 73- मानिका से एसडीओ महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, 55- मनोहरपुर से डीएलएओ वेस्ट सिंहभूम लिली अनोला लकड़ा, 24-मांडू से एसी हजारीबाग राकेश रौशन ने अपने क्षेत्र की कार्य योजना को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

# रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम अब खाकी वर्दी का इस्तेमाल नहीं करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम अब खाकी वर्दी का इस्तेमाल नहीं करेगी। इसकी जगह आरएमसी प्रतीक चिह्न के साथ नेवी ब्लू शर्ट और काला पैंट, जूता व टोपी पहनना होगा। बताया कि स्टार लगी खाकी वर्दी से लोगों में भ्रम पैदा होने की बात सामने आने पर यह आदेश दिया गया है। इसके लिए पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट ऑफिसर द्वारा जिला पुलिस की भांति खाकी वर्दी और स्टार का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसको लेकर विभिन्न माध्यमों से भी शिकायतें प्राप्त होती रही हैं।




इस वजह से निगम की इंफोर्समेंट ऑफिसर की वर्दी को पुलिस से भिन्न करने का आदेश जारी किया जाता है। रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम अब खाकी वर्दी का इस्तेमाल नहीं करेगी। इसकी जगह आरएमसी प्रतीक चिह्न के साथ नेवी ब्लू शर्ट और काला पैंट, जूता व टोपी पहनना होगा। बताया कि स्टार लगी खाकी वर्दी से लोगों में भ्रम पैदा होने की बात सामने आने पर यह आदेश दिया गया है। इसके लिए पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट ऑफिसर द्वारा जिला पुलिस की भांति खाकी वर्दी एवं स्टार का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसको लेकर विभिन्न माध्यमों से भी शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। इस वजह से निगम की इंफोर्समेंट ऑफिसर की वर्दी को पुलिस से भिन्न करने का आदेश जारी किया जाता है।

## झारखंड में आर्म्स एक्ट के 2722 मामले, सिर्फ 1644 केस में चार्जशीट दाखिल

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले ढाई साल के दौरान आर्म्स एक्ट के 2742 मामले दर्ज हुए हैं। जिनमें से सिर्फ 1644 मामले में ही झारखंड पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। सीआईडी के आंकड़े के मुताबिक, झारखंड में साल 2021 में 964, 2022 में 228 और 2023 में जून महीने तक 730 मामले आर्म्स एक्ट के दर्ज किये गये हैं। चार्जशीट की बात करें तो साल 2021 में 758, 2022 में 663 और 2023 में 243 मामले में ही झारखंड पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। अवैध हथियारों का निर्माण अब बिहार के मुंगेर तक ही सीमित नहीं रहा है। पहले मुंगेर के बने हथियार के लिए झारखंड एक बड़ा बाजार हुआ करता था। लेकिन अब पुलिस की दबिश से हथियार के सौदागरों ने कई छोटे-बड़े शहरों में अपना ठिकाना बना लिया है।**

# फैशन प्वाइंट के प्रीमियम शो का हुआ आगाज

**मेले का उद्घाटन नेहा महतो ने किया**

**आपके लिए आपके शहर में मेट्रो सिटी के डिजाइनर कलेक्शन के साथ मौजूद हुए नामी गिरामी बड़े डिजाइनर**

**मेले में दुर्गा पूजा, दिवाली और शादी की करें शॉपिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दो दिवसीय फैशन प्वाइंट वेडिंग एंड लाइफटाइम एग्जिबीशन का शुभारंभ मंगलवार को होटल रेडिसन ब्लू में किया गया। एग्जीबिशन का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री सुदेश महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टालों का भ्रमण कर डिजाइनरों की सराहना की। कहां फैशन प्वाइंट की जितनी सराहना की जाए कम है। मेले की संचालिका रीना अग्रवाल ने कहा



तीज त्यौहार और वेडिंग सीजन को देखते हुए रांची वासियों के लिए इस प्रीमियम शो का आयोजन किया गया है। कहा मेले में दुगार्पूजा, दिवाली और शादी की शॉपिंग करें। जहां देश भर के प्रसिद्ध डिजाइनरों के एक्सक्लुसिव कलेक्शन प्रदर्शित किये गये हैं। साथ हीं साथ आप एक हीं छत के नीचे मेट्रो सिटी के लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। जिनमें एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, हैंड मैड ज्वेलरी, लक्जरी होम डेकोर, और बहुत कुछ शामिल हैं। साथ हीं बनारस की एक्सक्लुसिव, प्योर और स्पेशल साडियां आपको आकर्षित करेंगी। वही लखनव की ऑल रेंज की चिकेनकारी स्पेशल ड्रेस, साड़ी पार्टी वियर, सेमी पार्टी वियर, किट्टी पार्टी वियर, कोकटेल पार्टी वियर आपका दिल जीत लेगी। दिल्ली, बंबई, लुधियाना, लखनऊ, कानपुर, बनारस के कलेक्शन, बैंगलोर के डिजाइनर साड़ी, ड्रेस, गाउन, को ऑर्ड सेट, स्टॉल एंड स्कार्फ, फैशन सेंस और पाकिस्तान शरारा गारारा से अपने वार्डरॉब को नया टच डे सकतें हैं। शो में इस बार आपको बिल्कुल कुछ नया देखने को मिलेगा, वो है हर ऐज के लिए से लाये गये वेस्टर्न वियर की ड्रेस, सूट, की एक्सक्लुसिव रेंज साड़ी, बयान सिल्क का यूनिक कलेक्शन के अलावा कश्मीर के साड़ी और ड्रेस भी कुछ खास है। वहीं सूरत और मुंबई के बेस्ट ज्वेलर्स अपनी सर्टिफाइड प्रोडक्ट लेकर खास रांची वासियों के लिए आये हैं। रीयल ज्वेलरी आपका दिल लुभायेगी। होम डेकोर प्रोडक्ट में आपको प्लेटर, बेड कवर, बेड शीट के यूनिक कलेक्शन देख सकेंगे।

## विवि शिक्षकों ने चलाया मित्र संपर्क अभियान



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निदान की दिशा में मजबूती से अपनी बात रखने के लिए शिक्षक संघ को सक्रिय बनाने की दिशा में रांची के विभिन्न महाविद्यालयों में आज मित्र संपर्क अभियान की शुरुआत की गयी। रामलखन सिंह यादव कॉलेज के प्रांगण में संपर्क सभा आयोजित हुई। इसमें कॉलेज की ओर से डॉ विजय कुमार, डॉ नीतू कुमारी, डॉ कामिल, डॉ शिखा, आदि ने अपने विचार रखे। सभा को संपर्क जतरा के अगुआ डॉ उमेश कुमार, डॉ वैद्यनाथ कुमार और डॉ कंजीव लोचन ने भी संबोधित किया। डॉ उमेश - संगठन में ही एकता है, लोगों को भरम हो गया है कि हम में एकता नहीं है, उसे दूर करना जरूरी है। कंजीव लोचन - याचना नहीं अब रण होगा। डॉ बैद्यनाथ कुमार - यूनाइटेड वी स्टैंड। डॉ नीतू कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि हम साथ नहीं हम एक हैं। सभा में लगभग 25 शिक्षक उपस्थित रहे।

## अशोक कुमार नाग ने सौ से अधिक शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी, प्रोफेसर-सह-समाजसेवी डा- अशोक कुमार नाग ने सौ से अधिक शिक्षकों को विधानसभा स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम के तहत किड जी बरियातु, एमएमके स्कूल, बरियातु बस्ती, किसान उच्च विद्यालय, पिठोरिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरौदी, बड़मू के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बरियातु बस्ती, बरियातु, बुड़मू और कांके प्रखंड के विद्यालयों में डॉ अशोक कुमार नाग को गर्मजोशी से स्वागत किया गया। डॉ नाग ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षकों को सम्मानित करना गर्व की बात है। कहा कि उनकी परिकल्पना कांके विधानसभा को पूर्ण साक्षर विधानसभा बनाने की है, इसके तहत ही काँके विधानसभा के हर स्कूल के हर शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। डॉ नाग ने विद्यार्थियों से भी मुलाकात की और अपने सम्बोधन में कहा कि माता-पिता और शिक्षक को सदैव आदर करना चाहिए। डॉ नाग के इस कदम से शिक्षक और छात्र अत्यंत प्रोत्साहित और ऊर्जा से लवरेज दिखे।

## हजारीबाग और रामगढ़ में खुल रहा केंद्रीयकृत किचन, लाखों स्कूली बच्चों को मिलेगा भोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** अक्षय पात्र फाउंडेशन झारखंड में पूर्वी भारत का सबसे बड़ा केंद्रीयकृत किचन बना रहा है। इसके माध्यम से सरकारी स्कूल के बच्चों को दोपहर को पोष्टिक भोजन कराया जायेगा। हजारीबाग और रामगढ़ में यह किचन तैयार हो रहा है। हजारीबाग के सांसद जंयत सिन्हा के प्रयास से किचन लगभग बन कर तैयार हो चुका है। इसका उद्घाटन नवंबर माह में होगा। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए एयरपोर्ट ऑथरिटी सीएसआर के तहत फंड का इस्तेमाल किया जा रहा है। रांची में खुलेगा फूड कियोस्क 10 रुपये में मिलेगा भोजन व्योमपदा दासा ने कहा कि रांची में 20 स्थानों पर फूड कियोस्क खोलने की योजना है। यहां आम लोगों को मात्र दस रुपए में शुद्ध भोजन मिलेगा। फूड कियोस्क के लिए जगह चिन्हित किया जा रहा है। अभी रांची शहर में पांच स्थानों पर जगह तय कर लिया गया है। जल्द ही गरीब तबकों के लिए गर्म और ताजा भोजन उपलब्ध होगा। श्री दास ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि देश तेजी से विकास कर रहा है, लेकिन अभी भी देश में कई लोगों को एक समय का भोजन नहीं मिल पाता है। लोगों को एक समय का भोजन उपलब्ध हो, इसकी पहल फाउंडेशन ने की है। लोग इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। इस प्रेसवार्ता में डॉ सन्तना शरण, ज्योति कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## रिम्स के कैदी वार्ड से हथकड़ी सहित कैदी फरार

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में फिर एक बार पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गयी है। अस्पताल के कैदी वार्ड से हथकड़ी सहित चंदन कुमार नाम का कैदी फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से चंदन को इलाज के रिम्स लाया गया था। वह मूल रूप से इटकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। चंदन रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती था। जहां से वो बाथरूम जाने के बहाने से हथकड़ी समेत फरार हो गया। जिसके बाद रांची पुलिस की कई टीमें फरार हुए कैदी की तलाश में जुटी हुई हैं। इससे पहले भी 16 अक्टूबर 2022 को हजारीबाग और गुमला से लाये गये दो कैदी रांची के रिम्स से फरार हो गये थे। कैदियों को इलाज के लिए रिम्स लाया गया था। दोनों कैदी मौका मिलते ही ग्रिल तोड़कर फरार हो गये थे।

## जिस पेट्रोल पंप में काम करता था, उसी पेट्रोल पंप को लूटने जा रहा था, हथियार के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी की रांची पुलिस ने पेट्रोल पंप में लूट होने से बचा लिया। लूट होने से पहले एक अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। गिरफ्तार युवक जिस पेट्रोल पंप पर काम करता था उसे ही लूटने की योजना बना रहा था। वह अपनी योजना में सफल भी हो जाता, लेकिन उससे पहले ही वह एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान वह हथियार के साथ दबोच लिया गया। सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि बीआइटी मेसरा थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह मांडर स्थित एचपी पेट्रोल पंप को लूटने की प्लानिंग कर रहा था। गिरफ्तार अपराधी का नाम दीपक कुमार उर्फ दीपक गंझू है और वह रामगढ़ के रजरप्पा का रहने वाला है।

बताया कि वर्तमान में वह मांडर के उसी पेट्रोल पंप में काम कर रहा था, जिसे उसे लूटना था। सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने बताया कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश पर उन्होंने शहर में सभी थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग के निर्देश दिये थे। मेसरा ओपी प्रभारी सुमित कुमार के नेतृत्व में नेवरी रिंग रोड में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में बाइक सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। मौजूद जवानों ने खदेड़कर युवक को दबोच लिया। इस दौरान पुलिस की टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी लोडेड पिस्टल के साथ कारतूस भी बरामद किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


**निर्देश : तोरपा प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों से लोकेश मिश्र व अन्य अधिकारियों ने किया सीधा संवाद**

# दो माह के भीतर सभी विद्यालयों-आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध करायें शौचालय सुविधा और हैंडवाश : डीसी

## कहा : जहां-जहां अफीम की खेती होगी, नपेंगे वहां के पंचायत प्रतिनिधि

**पंचायत प्रतिनिधियों ने भी डीसी व अधिकारियों से समस्याओं को लेकर की खुलकर बातचीत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों और सरकारी कर्मियों को निर्देश दिया कि 15वें वित्त आयोग के फंड से अपनी पंचायत के विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत भवनों में हैंडवाश यूनिट, महिला और पुरुष शौलय के साथ ही पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध करायें। यह काम दो महीने के अंदर हो जाना चाहिए। डीसी मंगलवार को तोरपा प्रखंड कार्यालय सभागार में विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंसस और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद कर जन समस्याओं और विकास कार्यों की स्थिति की जानकारी ले रहे थे। उनके साथ डीडीसी नीतीश कुमार सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान भी मौजूद थे। डीसी ने गांवों में पेयजल की स्थिति, बिजली, आगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालय और पंचायत भवनों की स्थिति की जानकारी ली। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी खुलकर अपनी समस्याओं को जिले के आला अधिकारियों के समक्ष रखा। मुखिया, उप मुखिया और पंचायत समिति के सदस्यों ने एक-एक कर अपने क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों की स्थिति की जानकारी दी। इस पर डीसी ने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि 15वें वित्त आयोग की रकम से इन समस्याओं का निदान करें। उन्होंने वहां मौजूद बीडीओ दयानंद कार्जी और सीओ सच्चिदानंद वर्मा को निर्देश दिया कि वे जन समस्याओं का अविलंब निराकरण करें। डीसी ने लोगों से प्रखंड और अंचल कार्यालय, थाना, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों के और शिकायतों के बारे में पूछा। दूसरी ओर, डीसी ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को सख्त चेतावननी दी कि वे अपने क्षेत्र में अफीम की खेती न होने दें। उन्होंने कहा कि जिस पंचायत क्षेत्र में अफीम की खेती होगी, वहां के पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उप प्रमुख संतोष कर, पंसस जयमंगल गुड़िया, मुखिया जॉन तोपनो, विनीता नाग, शिशिर तोपनो, रोशनी गुड़िया, पुष्पा गुड़िया, प्रदीप गुड़िया, सरोज तोपनो, उप मुखिया राजू साहू, महमूद खान, राधेश्याम सिंह आदि उपस्थित थे।



पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा व अन्य।

### आप जमीन मुहैया करायें, अगले सत्र से तोरपा में डिग्री कॉलेज खुल जायेगा

**जन प्रतिनिधियों ने डीसी को तोरपा में सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं होने की जानकारी दी। इस पर डीसी ने कहा कि आपलोग 15 एकड़ जमीन मुहैया कराएं, अगले सत्र से तोरपा में डिग्री कॉलेज भी शुरू हो जाएगा। इसके बाद डीसी और अन्य अधिकारी कॉलेज के लिए कमड़ा के पास जमीन देखने के लिए गए।**

## दुर्गापूजा कमेटी का गठन, भोलानाथ अध्यक्ष, अरविंद स्वांसी बने सचिव

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री राधारानी मां दुर्गा पूजा समिति की बैठक मंगलवार को राधारानी मंदिर परिसर ब्लाक मोड़ में हुई। जिसकी अध्यक्षता राजन प्रमाणिक ने की। बैठक में इस वर्ष भी दुर्गापूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पुरानी कमेटी को ही पूजा संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें संयोजक महावीर दास, अध्यक्ष भोला सिंह उर्फ युवराज, सचिव अरविंद स्वांसी, उपाध्यक्ष जगदीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गोराई को बनाया गया है। इस मौके पर दुर्गा मछुवा, संदीप मोदक, प्रदीप कामती, सुनील पुराण, विक्की कुमार, हर्ष गुप्ता, राहुल प्रसाद, विकास यादव, मोती साहू, गोपी सिंह, दीपक पांडे, किसन दास, गौरव मोदक, रितेश दास, कंचन सिंह, सौरव मुखर्जी, सोमू मोदक, सृष्टिधर साहू आदि उपस्थित थे।

## बुंडू में धूमधाम से संपन्न हुई मनसा पूजा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सांपों की देवी मां मनसा की पूजा हुई। मंगलवार को इसी के तहत ताऊ गांव में इसका आयोजन किया गया। सैकड़ों व्रतियां शाम को घट में जल लाने के लिए मैनेजर तालाब पहुंची। इस मौके पर बंगाल से आए तांत्रिकों ने सांपों का हैरतअंगेज खेल दिखाया। लोग खेल देखकर अचंभित थे। साथ ही जहां मूर्ति स्थापित की गई है वहां तक नाचते गाते पहुंचे। ग्रामीणों की मानें तो सदियों से इस तरह का आयोजन होता आ रहा है। इसमें रातभर सांपों की मां मानसा की पूजा की गई और बत्तख एवं बकरों की बली दी गई। इस मौके पर बृजेश्वर महतो, गांधी महतो, संतोष महतो उर्फ गुड्डु, राजकिशोर कुशवाहा, पद लोचन महतो आदि उपस्थित थे।

## मां के साथ सो रहे पांच साल के बच्चे को सांप ने काटा, मौत

**टायमारा (आजाद सिपाही)।** दशमफाल थाना क्षेत्र के पांचा गांव के रंथु मुंडा के पुत्र आयुष मुंडा (05) की सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक आयुष सोमवार की रात अपने घर में मां-पिता के साथ जमीन पर बिछावन कर मच्छरदानी लगाकर सोया था। तभी मच्छरदानी में एक विषैला सांप घुस गया और आयुष के सिर में काट लिया। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## सांसद के प्रयास से लगा नया ट्रांसफॉर्मर, लोगों में हर्ष



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के बासीदा मोड पर विगत दिनों ट्रांसफार्मर जल गया था। इस खबर को आजाद सिपाही के 10 सितंबर के अंक में प्रकाशित किया गया था, जिसका असर भी देखने को मिला। खबर पर संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को देख सांसद के प्रयास से ऊर्जा प्रतिनिधि विशाल गुप्ता द्वारा तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को हुआ। इस मौके पर आजसू के पूर्व प्रत्याशी राम दुर्लभ सिंह मुंडा, पप्पू यादव, संजय मुखर्जी उर्फ नुनू, छोटू यादव, तारिणी महतो, आस्तिक उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने बचरा में टीम के बीच किया फुटबॉल का वितरण

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि सह बचरा उतरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को कई टीम के बीच फुटबॉल का वितरण किया। जानकारी के अनुसार बचरा उत्तरी पंचायत के होशिर, नगडुआ और हरगडवा के फुटबॉल टीमों के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों से खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने पंचायत गांव और जिला सहित राज्य का नाम रोशन करने की अपील की। साथ ही खेल के क्षेत्र में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, मंगल सिंह, तेजनाथ महतो सहित कई फुटबॉल टीम के खिलाड़ी मौजूद थे।

# खूंटी जिला समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और प्राकृतिक सौंदर्यवाला जिला है: उपायुक्त

**खूंटी जिला स्थापना दिवस पर डीसी, एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने किया भगवान बिरसा मुंडा को नमन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के 16वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को कचहरी परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर डीसी लोकेश मिश्र, एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक आइटीडीए और अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण कर धरती आबा को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जिला वासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए डीसी ने कहा कि खूंटी समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और प्राकृतिक सौंदर्य वाला जिला है। इन 16 वर्षों में जिला गठन के बाद लोगों की समस्याओं का बेहतर तरीके से निष्पादन हुआ है। सुदूर क्षेत्र के लोगों की जिला प्रशासन तक पहुंच बनी हैं और अधिकारियों के माध्यम से सहज रूप से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वैसे टोलों और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों जहां वर्तमान में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, वहां जिला प्रशासन विशेष रूप से कार्य करने के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से प्रत्येक ग्राम तक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को पहुंचाना है। कल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित करने की दिशा में जिला प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। डीसी ने कहा, हम आशा करते हैं कि इसी प्रकार प्रगतिशील विचारों के साथ खूंटी जिला समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा।



# सांसद संजय सेठ ने डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया प्रशासनिक भवन का उद्घाटन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में मंगलवार को सांसद मद योजना अंतर्गत प्रशासनिक भवन का उद्घाटन सांसद रांची संजय सेठ ने किया। इससे पूर्व सांसद संजय सेठ के विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों द्वारा घोष, बैंड, स्वागत गान एवं स्वागत भाषण के साथ पुष्प गुच्छ, श्रीफल देकर किया गया। जिसके बाद सांसद संजय सेठ ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालयों का विकास करने से देश का विकास होगा। यहां शिक्षा ही नहीं बल्कि भारत की संस्कृति, सभ्यता, राष्ट्र की एकता, अखंडता और राष्ट्र की गरिमा को दर्शाती है। कहा कि विद्यालय के बच्चे राष्ट्र प्रेम, देशभक्ति से ओत-प्रोत होते हैं। उन्होंने विद्यालय के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वंदना हेतु एक बड़ा हॉल बनवाने की भी घोषणा की। जिसका जल्द ही शिलान्यास होगा। प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने सांसद संजय सेठ आदि का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सांसद, विधायक दल के नेता, जनप्रतिनिधि, अभिभावकगण एवं विद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



**सांसद संजय सेठ ने स्वर्ण जयंती हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा किया रवाना**

# बहुत जल्द ही बहुरेंगें खलारी रेलवे स्टेशन के दिन : सांसद संजय सेठ

**मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत वाटिका के लिए सांसद को सौंपी गई मिट्टी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सांसद संजय सेठ मंगलवार को खलारी दौरे पर थे। इस दौरान वे खलारी रेलवे स्टेशन पर स्वर्ण जयंती हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होने पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने पंहुचे। सांसद ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच पहले दिन के ठहराव के बाद स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एक्सप्रेस चालकों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं, सांसद संजय सेठ ने आश्वासन देते हुए कहा कि 8.5 अरब सालाना राजस्व देने वाले खलारी रेलवे स्टेशन के दिन बहुरने वाले हैं। खलारी स्टेशन का जीर्णोद्धार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वे विशेष पहल कर खलारी को इस योजना के तहत अपग्रेड कराएंगे। अभी संसद के विशेष सत्र में ही वे मैकलुस्कीगंज रेलवे स्टेशन पर बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस तथा जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस के ठहराव की बात रखेंगे। वहीं जल्द ही राय में अंडर पास निर्माण के लिए शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा मैकलुस्कीगंज में बनने वाले आरओबी का टेंडर प्रक्रिया भी शुरू किया जाएगा। उन्होने बताया कि अब आरओबी निर्माण का शत प्रतिशत खर्च रेलवे देगी। वहीं दुसरी ओर सांसद संजय सेठ की अगुवाई में खलारी प्रखंड क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत लोगों के घरों से मिट्टी संग्रहित किया। इस क्रम में चूरी होयर, महावीरनगर व गुलजारबाग से मिट्टी उठाई गई। गुलजारबाग में भाजपा नेत्री सिन्नी समाड ने सांसद को मिट्टी सौंपा। संजय सेठ ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश के तहत देश की संस्कृति, सभ्यता और समाज के लिए कार्य करने वाले वीर सैनिक के परिवार, देश के लिए सर्वोच्च न्योच्छावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी, किसान मजदूर सामान्य वर्ग में आने वाले लोगों के घरों से मिट्टी संग्रहित कर दिल्ली ले जाना है। दिल्ली कर्तव्य पथ के बगल में इस मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण कर संरक्षित करना है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, भरत रजक, प्रीतम साहू, विकास दूबे आदि थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### भानु मुंडा हत्याकांड का एक और आरोपित गिरफ्तार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू गांव में डायन बिसाही के अंधविश्वास में विगत तीन सितंबर की रात को भानु मुंडा नामक एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या के नामदर्ज आरोपित सुखराम मुंडा (20) को अड़की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वह अड़की के सेरेंहातू ग्राम का रहने वाला है। इसकी जानकारी पुलिस ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी। बताया गया कि हत्याकांड के एक अन्य प्राथमिक अभियुक्त मदन मुंडा सहित छह अन्य आरोपितों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जिन्हें जेल भी भेज दिया गया है। गौरतलब हो कि डायन बिसाही के अंधविश्वास में वृद्ध की हत्या को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया। जिसमें अड़की के थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज तिर्की और उत्तम कुमार के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### भाजपा के विजय संकल्प यात्रा में शामिल हुए पिपरवार के दर्जनों कार्यकर्ता

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता सिमरिया में आयोजित विजय संक्लप यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी, सांसद सुनील सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, टंडवा प्रमुख रीना कुमारी सहित भाजपा के कई नेता शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि 2024 के चुनाव से पूर्व भाजपा द्वारा विधानसभा स्तर पर इसका आयोजन किया जा रहा है। विजय संकल्प यात्रा में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पिपरवार मंडल से मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, विजय लाल, अजय सिंह, राधा देवी, श्रीवास्तव उरांव, अरूण उरांव, धनराज भोगता, रीना देवी, शिवशंकर साव, सोनू कुमार गुप्ता, रविंद्र सिंह, बालेश्वर उरांव, सुरेंद्र भगत, कारण महतो, संजय कुमार गंझु, अरविंद सिंह, रविंद्र उरांव, उदय शर्मा आदि शामिल थे।

### आदिवासियों- मूलवासियों के अधिकारों का हो रहा है हनन : विजय गुड़िया




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंडी हित और आदिवासियों के संवैधानिक प्रावधानों को दरकिनार कर तरह-तरह के नीति-नियम, अधिनियम, परिनियम थोपकर अस्तित्व, अस्मिता, पहचान, संस्कृति, परम्परा, व्यवस्था, भाषा और जल-जंगल-जमीन के मालिकाना हक छीनने और सरकार की गलत नीतियों के विरोध में झारखंड उलगुलान संघ के बैनर तले मंगलवार को तोरपा प्रखंड परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता संगठन के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा और संचालन कोषाध्यक्ष विजय गुड़िया ने किया। विजय गुड़िया ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों और समान नागरिक संहिता लागू होने से आदिवासियों और मूलवासियों के विशेषाधिकार प्रभावित होंगे। भू दस्तावेज को ऑनलाइन करने में बहुत सारी त्रुटियां हैं। खेवट-खतियान में गड़बड़ी, खाता नंबर एवं प्लॉट नंबर में गलती और मुंडारी खूंटकट्टी एवं भुईंहरी लगान रसीद काटने के अधिकार से पारंपरिक मुंडा को वंचित किया जाना सोची समझी साजिश है। वक्ताओं ने कहा कि भूमि बैंक और लैंड पूल नीति गांव के सामुदायिक भू-अधिकार, सरना, मसना, ससन, हड़गड़ी, अखड़ा और चरागाह से वंचित किया जा रहा है। इस अवसर पर आदिवासियों और मूलवासियों की जमीन के अवैध हस्तांतरण और कब्जा से मुक्त करने के लिए टीएसी द्वारा गठित विशेष उप समिति को क्रियाशील करने और उच्च न्यायलय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठन करने, मुंडारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने और तोरपा व रनिया प्रखंड के लोगों को हाथियों के उत्पात से स्थायी समाधान निकालने की मांग की गई। इन विषयों को लेकर राज्यपाल को संबोधित मांगपत्र बीडीओ को सौंपा गया। धरने में जय मसीह तोपनो, कुलन पतरस आईंद आदि थे।

### भारत के हर घर के आंगन की मिट्टी से बनेगी अमृत वाटिका : विनय महतो



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राहे सुभाष चौक से मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसका नेतृत्व भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज एवं मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो ने कार्यकर्ताओं के साथ किया। दिल्ली में शहीदों की याद में बनने वाली अमृत वाटिका के लिए गांव के हर घर से मिट्टी संग्रह किया जाएगा। विनय महतो धीरज ने कहा कि यह अभियान की शुरूआत देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों एवं वीरांगनाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से किया गया है। वहीं, चितरंजन महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। मौके पर जगन्नाथ मुखर्जी, मेघनाथ महतो, मनोज महतो, कमलाकांत सिंह, युधिष्ठिर महतो, महेंद्र महतो, गंगाधर साव,रामधन महतो, दासुदेव मुंडा, लक्ष्मीकांत पांडे, अंबुज कुमार महतो आदि थे।

### सोनाहातू में किया गया मिट्टी संग्रह



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** आजादी के 75 वें वर्ष अमृत महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को भाजपा के वरीय नेता डॉ राजाराम महतो के नेतृत्व में बारूडीह-पारमडीह एमसीएम कालेज प्रांगण में ढोल-नगाड़ा व गाजे बाजे के साथ, जामुदाग हरिमंदिर प्रांगण परिसर में मेरा मिट्टी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ राजाराम महतो ने कहा कि दिल्ली में शहीदों की याद में बनने वाली अमृत वाटिका के लिए गांव के हर घर से मिट्टी संग्रहण किया जा रहा है। यह अभियान की शुरूआत देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीरों एवं वीरांगनाओं को सम्मान देने का उद्देश्य है। क्षेत्र के शहीद मिट्टी को एक कलश में एकत्रित कर जिला मुख्यालय भेजा गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी, बारेंदा भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, परिक्षित मंडल, एमसीएम कालेज के सचिव सिदाम महतो, प्राचार्य खुदीराम सिंह मुण्डा, रविंद्र नाथ मेहता आदि मौजूद थे।

# रातू में मरीज की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा




**परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप**

**डेंगू पॉजिटिव की मरीज थी रिया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ स्थित एक निजी अस्पताल कमलेश मेमोरियल नर्सिंग होम एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती मरीज की मौत के बाद मंगलवार को मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती है। स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। परिजन मरीज को लेकर रिम्स पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक रातू थाना क्षेत्र के आमटांड़ निवासी 17 वर्षीय रिया कुमारी की तबियत खराब होने के बाद परिजनों ने 3 सितंबर को झखराटांड़ स्थित कमलेश मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया था। स्थिति गंभीर होने के बाद डॉक्टर ने 11 सितंबर की शाम मरीज को रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के बाद डॉक्टरों ने रिया को मृत घोषित कर दिया। रिया की मौत से गुस्साये परिजन व गांव वालों ने मंगलवार की सुबह अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। वे डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे। परिजन डॉक्टर को अस्पताल बुलाने की मांग कर रहे थे। हंगामे की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। शाम को परिजनों ने उसका दाह संस्कार कर दिया। अस्पताल के डॉ राकेश के मुताबिक मृतका रिया कुमारी का ब्लड टेस्ट किया गया, जिसमें उसका रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आया था।

# दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ समापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखण्ड के तहत दो दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि बीडीओ उतम प्रसाद थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीइओ श्रीमती भरोसी मुंडू, उपप्रमुख जयपाल हजाम, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो उपस्थित हुए। प्रतियागिता में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे प्रतिभागियों के लिए एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, तिरंदाजी, भाला फेंक, शाटॅपूट, रिले रेस आदि इवेंटस कराए गए। खो-खो में एसएस प्लस टू हाईस्कूल चिलदाग एवं वॉलीबॉल में उत्क्रमित उवि गेतलसूद प्रथम स्थान पर रहे। वहीं भाला फेंक में कस्तुरबा स्कूल की सुमन कुमारी प्रथम स्थान पर रही। मंगलवार को प्रतियोगिता का संचालन बीपीओ पंकज तिर्की, बीइओ भरोसी मुंडू, बीपीओ कमला एक्का, बीआरपी उमेश शर्मा, खेल शिक्षक विवेक कुमार, रतनी तिर्की, तासिया नाग, रंथु भोगता, विकास जायसवाल, नौशाद अहमद, जैकी ठाकुर आदि ने किया वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में सीआरपी उतम देवघरिया, दिलेश्वर महतो, सुनील केसरी, शिवा मुण्डा, अरविंद, सुषमा रानी, जयराम महतो, जगेश्वर महतो, सुरेश महतो, सहदेव महतो, दिनेश महतो, परमेश्वर महतो, भीम महतो, महेन्द्र महतो, आदि का योगदान रहा।

# दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने किया कांके अंचल कार्यालय का निरीक्षण

**कांके (आजाद सिपाही)।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल द्वारा कांके अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, आप्त सचिव, अमरेन्द्र शरण सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल द्वारा अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, संदिग्ध जमाबंदी, दाखिल-खारिज, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, विभिन्न कार्यालयों से संबंधित पत्रों के कंप्लायंस व भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में कांके अंचल कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण प्रतिवेदन, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, की भी जांच की गई। साथ ही उन्होंने अंचलकर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। मौके पर बीडीओ सह प्रभारी सीओ शीलवंत कुमार भट्ट, सीआई बासुकीनाथ टुड्डू, राजस्व उपनिरीक्षक रविन्द्र प्रसाद, परशुराम केरकेट्टा, विजय लिंडा, माधवी कुमारी, किरण जोस्फीन खलखो, सुभाष नायक, प्रवीण जयसवाल, नवीन शाही, रेणु तिर्की सहित कई अंचलकर्मी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने श्रमदान व आर्थिक सहयोग से श्मशान जाने का रास्ता बनाया

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुटूपालु खिराबेड़ा गांव में का श्मशान घाट जाने का रास्ता बहुत खराब था। मंगलवार को समाजसेवी त्रिवेणी बेदिया की अगुवाई में ग्राम प्रधान महेश महली की अध्यक्षता में खीराबेड़ा व चुटूपालु गांव के ग्रामीणों की बैठक की गई। रास्ते को चौड़ा करने के लिए ग्रामीणों में सहमति बनी। चन्दा इकट्ठा कर जेसीबी मशीन व श्रमदान कर ग्रामीणों ने लगभग ढाई सौ फीट रास्ता बनाया। समाजिक कार्यकर्ता त्रिवेणी बेदिया ने बताया कि रास्ता काफी खराब होने के कारण श्मशान घाट जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लगभग ढाई किलोमीटर का रास्ता है, इसे तीन चरणों में सभी ग्रामीण मिलकर बनाएंगे। इस कार्य में मुख्य रूप से राम कुमार बेदिया, वार्ड सदस्य फुलेन्द महतो, रामप्रसाद बेदिया, बासुदेव ठाकुर, किस्को सरकार सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# कोकदोरो, बालू गांव की सड़क व नाली निर्माण की मांग

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य मजीद अंसारी ने प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मुलाकात कर कांके प्रखण्ड के कोकदोरो व बालू गांव का तीन जर्जर सड़क व नाली निर्माण कराने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने अपर बाजार स्थित प्रदेश कांग्रेस भवन में आयोजित जनता दरबार में मांग पत्र सौंपा है। गौरतलब है कि कोकदोरो ईदगाह से ग्राम बालू शमसान घाट तक एक किमी सड़क व पक्की नाली निर्माण, कोकदोरो मस्जिद-ए-अली (र.) से लेकर तेलंगा बगीचा जमील अख्तर के मकान तक लगभग 12 सौ फीट पीसीसी सड़क और ग्राम बालू से हेठ बालू तक लगभग 2 किमी कच्ची सड़क की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी कठीनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**कार्यक्रम :** 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत चिलदाग गांव में किया गया पवित्र मिट्टी का संग्रह

# हर घर मिट्टी संग्रह कार्यक्रम प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक निर्णय : डॉ आशा लकड़ा

**भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में मिट्टी को नमन वीरों का वंदना कार्यक्रम हुआ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चिलदाग गांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में मिट्टी को नमन वीरों का वंदना कार्यक्रम हुआ। इस दौरान भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की पूर्व महापौर डॉ आशा लकड़ा, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा गांव के घर-घर, आंगन-आंगन जाकर देश के वीरों के नाम मिट्टी संग्रह किया गया।

मौके पर डॉ आशा लकड़ा ने इस अभियान से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि दिल्ली में अमृत वन का निर्माण हो रहा है जिसमें देश के हर घर से एक चुटकी मिट्टी ली जा रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह अभियान विश्वव्यापी हो गया है। विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अब अपने यहां की मिट्टी संग्रहित कर भारत भेजने का निर्णय ले चुके हैं। बताया कि संग्रहित मिट्टी दिल्ली ले जायी जाएगी, जहां पूरे देशवासियों के सहयोग से भव्य अमृत वाटिका का निर्माण वहां होगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, मुखिया दुर्गा पहान, रेखा देवी, दुर्गा महतो, सुरेश महतो, घनेनाथ महतो, बीरसिंह नायक, किरण देवी, विजय महतो, देवनाथ महतो सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# विवेकानंद कृषि मित्र प्रकल्प योजना अंतर्गत चयनित किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को जैविक खाद बनाने की तकनीक से अवगत कराया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान मोराबादी रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची द्वारा संचालित विवेकानंद कृषि प्रकल्प योजना अंतर्गत नवागढ़ पंचायत के चयनित 154 किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को गेतलसूद स्थित प्रत्येक्षण फार्म में किया गया। इस योजना अंतर्गत सभी किसानों का काउ फर्श बनाकर दिया गया, ताकि जैविक तरल एवं ठोस खाद आसानी से किसान बना सकें। मालूम हो कि आदिवासी आदर्श नवागढ़ पंचायत को जैविक पंचायत के रूप में विकसित करना है। प्रशिक्षण में दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खाद बनाने की तकनीक से अवगत कराने के साथ हरा खाद जैसे ढैंचा आदि का उपयोग से लाभ के संबंध में विस्तार पूर्वक समझाया। वहीं स्वामी भवेशानंद जी महाराज सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम ने किसानों को अपनी जमीन को उपजाउ बनाने हेतु टेपरोसिया पौधे, मवेशियों का चारा हेतु सुबबूल आदि लगाने का सलाह दिए। कहा कि इसके साथ जीवन के पांच सूत्र शिक्षा, संस्कार, संगठन, समेकित जैविक खेती एवं दान को आधार मानकर कार्य में लगे रहने से पंचायत का विकास अवश्य होगा।

मौके पर स्वामी निश्चितानंद जी महाराज, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया, अजित उपाध्याय, एसटीआइ हब के प्रोजेक्ट कॉडिनेटर सुदीप्त सतपथी, प्रोजेक्ट सहायक गंभीर महतो, रोहित शाही, तुलसी महतो, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, नरेन्द्र नाथ बेदिया, विशेश्वर महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# इटकी में दो स्थानों पर चेहल्लूम का जुलूस निकाला गया

**अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार चान्हो के सुकुरहुटू, उदरगी को दिया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इटकी।** इटकी में मंगलवार को दो स्थानों इटकी रेलवे स्टेशन तथा बाजार टांड़ के मंडा खूंटा के पास चेहल्लूम का जुलूस निकाला गया व अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेलवे स्टेशन के पास चेहल्लूम के जुलूस के साथ-साथ मेला भी लगा। केंद्रीय मुहर्रम कमेटी व मुहर्रम समन्वय कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इटकी बाजार परिसर की प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार चान्हो के सुकुरहुटू, उदरगी को द्वितीय व मदरसा चौक को तृतीय पुरस्कार को दिया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जामताड़ा के विधायक डॉ इरफान अंसारी व हिंदू जागरण समिति के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक अंसारी ने जनसभा को संबोधित भी किया। उन्होंने चेहल्लूम के जुलूस के बारे में जानकारी दी। इससे पूर्व गुलाम टोली सहित विभिन्न स्थानों के अखाड़ाधारी द्वारा जुलूस निकाले गये। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से इटकी के विभिन्न अखाड़ाधारी के अलावा गुमला, लोहरदगा, कुंदी, मोरो, मल्टी, रानीखटंगा, झिंझरी सहित अन्य गांवों के खिलाड़ियों ने अपने खेलों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सीओ रश्मि लकड़ा थाना प्रभारी अमित प्रशांत, उप प्रमुख परवेज राजा, कलीम अंसारी, बलराम, आरिफ राजा, अजीत केसरी, इकबाल अंसारी, हाजी मोईन, वसीम, लाला, सईद व विक्की खान सहित अन्य शामिल थे।

# ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर स्थित ऑक्सब्रिज स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'यदि मैं झारखंड का मुख्यमंत्री होता' कक्षा नवम तथा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने सभागार में अपने विचारों को स्वच्छता पूर्वक प्रस्तुत किया। किसी विद्यार्थी ने भ्रष्टाचार दूर करने की पहल की, तो किसी ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया। कोई नारी-सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम पर जोर देने की अपील की तो किसी ने झारखंड में मौजूद खनिज - संपदाओं का समुचित सदुपयोग कर विकास करने की बात पर जोर दिया। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही अनुशासित ढंग से तथा आंकड़ों सहित अपने विचारों को जजों के समक्ष रखा। अंततः प्रथम स्थान पर कक्षा नवम की अदिति चौरसिया, द्वितीय स्थान पर कक्षा नवम की ही अर्पिता कुमारी तथा कक्षा दसवीं की मुस्कान कुमारी विजयी रहीं।

# गांगुटोला की टीम बनी फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन के अंतिम मैच में गांगु टोला ने टाईब्रेकर में पंडर टोली इचादाग को 3-0 से पराजित किया। खेल में शामिल 36 टीमों को जर्सी और फुटबॉल सेट दिया गया। कार्यक्रम में रमेश उरांव विधायक सलाहकार, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रो. प्रेमनाथ मुंडा, जिप सदस्य पश्चिमी, हरिमोहन महतो, शिव प्रसाद साहू, सफीउल्लाह अंसारी, शिवटहल नायक, मुबारक अंसारी, इनाम अंसारी, करमू पहान, प्रदीप, जेठू मुंडा, हुसैन अंसारी उपस्थित थे।

**जांच :** अब्दुल क्यूम स्कूल इरबा में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची शिक्षा विभाग की एसडीओ

# स्कूल में छह शिक्षकों की बहाली में अनियमितता बरतने की है शिकायत

**जांच सही तरीके से की जाये तो एक ही खतियान के सभी लोग मिलेंगे : इम्तियाज ओहदार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** ओरमांझी के इरबा अब्दुल कयूम अंसारी उर्दू मिडिल स्कूल में टीचर बहाली के चयन प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी व भ्रष्टाचार के मामले की शिकायत पर मंगलवार को अनुमंडल शिक्षा विभाग की पदाधिकारी दीप्ति कुमारी स्कूल पहुंचीं, जहां घंटों स्कूल में बैठकर आवेदनकर्ताओं की शिकायत पर जांच पड़ताल करती रहीं। मालूम हो कि छह शिक्षकों की स्कूल में बहाली हुई थी। टीचर बहाली प्रवेश परीक्षा में हुई अनियमियता की जांच में नव नियुक्त शिक्षकों एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक से इस संबंध में विस्तृत जानकारी लेने की कोशिश में जुटी हुई हैं। एसडीओ ने बताया कि विभाग को शिक्षक चयन में गड़बड़ी की शिकायत ग्रामीणों द्वारा लिखित तौर से मिली थी। जिसकी जांच करने पहुंची हैं। वहीं उन्होंने बताया कि पूरी जांच के बाद ही कहा जा सकता है कि मामले की हकीकत क्या है। वहीं उन्होंने स्कूल की जर्जर अवस्था देखी और कहा कि जो भी समस्या है, इस पर विभाग से बात कर समस्या को दूर किया जाएगा। एसडीओ ने क्लास रूम में पठन-पाठन व स्कूल का जर्जर भवन देखा और मध्याह्न भोजन कर रही बच्चों से भी बात की और पूछा कि सूची के अनुसार खाना मिलता है कि नहीं। वहीं उन्होंने किचन में जाकर मध्याह्न भोजन की जांच की। जमीन में बैठकर पढ़ाई कर रहे बच्चों को देखकर अफसोस जाहिर किया। वहीं शिकायतकर्ता पूर्व पंचायत समिति सदस्य इम्तियाज ओहदार ने बताया कि शिक्षक चयन में परिवारवाद को प्राथमिकता देकर शिक्षक बहाली हुई है। अगर जांच सही तरीके से की जाए तो एक ही खतियान के सभी लोग मिलेंगे।

वहीं उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति का चयन गलत तरीके से हमेशा किया जाता है। जिसका हमेशा विरोध भी होते रहा है। कई दशक से कुछ खास लोग ही समिति में पदस्थापित हैं। वहीं उन्होंने बताया कि एसडीओ मैडम जांच कर रही हैं, कुछ कागजात की जांच बाकी है। मौके पर स्कूल प्रबंधन के सचिव मंजूर अहमद अंसारी, इरबा पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी अब्दुल सत्तार अंसारी, स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक जैनुल आबेद्दीन अंसारी सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# नरकोपी व बेड़ो मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत किया मिट्टी संग्रह



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नरकोपी व बेड़ो मंडल भाजपा महामंत्री बलराम सिंह व राजेश साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह करने का कार्य किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा मंडल के महामंत्री बलराम सिंह ने बताया कि प्रखंड के दिघिया पंचायत के तुको, दिघिया और टेरो पंचायत के महुगांव नवा टोली, इडरी गांव में हर घर से मिट्टी संग्रह की गई। उन्होंने बताया कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव घर-घर से मिट्टी संग्रह करने का कार्य किया जा रहा है, जिसे रांची भेजा जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के रूपनी कुमारी, विनोद गोप, हरी साहू, संजय गोप, मंत्री आदित्य ताम्रकार, शक्ति राम, अभिषेक सिंह, अनिल साहू, सुरेश महतो, बालकिशुन राम, आकाश साहू, राजा लाल, नारायण गोप, विजय गोप, विमल उरांव, बंशी उरांव, अनिल उरांव, संजय उरांव, रंजीत उरांव, बुधवा उरांव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# बरगवां पंचायत में भाजपा खिजरी मंडल ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान चलाया



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिये भाजपा खिजरी मंडल के नेतृत्व में मंगलवार को बरगावां पंचायत के बूथ संख्या 239, 240, 241 में हर घर आंगन से मिट्टी संग्रह अभियान चलाया गया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष प्रज्ञा भारती ने बताया कि दिल्ली में अमृत वन का निर्माण हो रहा है, जिसमें देश के हर घर से एक चुटकी मिट्टी या चावल लेना है। बताया कि इसे संग्रहित कर दिल्ली ले जाया जायेगा और पूरे देशवासी के सहयोग से वहां भव्य अमृत वन का निर्माण होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रज्ञा भारती, शिल्पी शालिनी, सचिन मिश्रा, आराध्या मिश्रा, आभा रॉय, अवधेश राय, सरोज राय, ललन ठाकुर, दिलीप सिग्रीवाल, सुबोध सिंह, रामप्रवेश राय के साथ अन्य लोग शामिल थे।

# सीआइटी में प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विद्यार्थियों की सुविधा के लिये सीएसई (प्रज्ञा केंद्र) स्टूडेंट्स रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरशद उस्मानी ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सीआईटी में प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन करना सौभाग्य की बात है। बतौर मुख्य अतिथि कैंब्रिज ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक नवनीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। गौरतलब है कि इस केंद्र के खुल जाने से विद्यार्थियों को फॉर्म भरने, आधार से संबंधित कार्य, छात्रवृत्ति आदि में सहूलियत होगी। उद्घाटन के मौके पर संस्थान के निदेशक वित्त पीके सेन, सीएसई जिला प्रबंधक चंदन कुमार सिंह, विनय कुमार, शाखा संचालक अमित कुमार मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, पीएस शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# ट्रांसफॉर्मर खराब होने से सात दिनों से अंधेरे में हैं ग्रामीण

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे क्षेत्र के महिलोंग पंचायत अंतर्गत ढीपा टोली वार्ड संख्या 3 में लगा विद्युत ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया है। ट्रांसफॉर्मर में लगे उपकरण जल गये हैं। जिसके कारण पंचायत में पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति बंद है। ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने बताया कि उनके मंडल के ढीपा टोली के वार्ड-3 में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। इससे कई घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेकार पड़े हुए हैं। वहीं, बार बार मौसम में आ रही तब्दीली के कारण लोग उमस से भी परेशान हैं। मंगलवार को राजेंद्र महतो और रामेश्वर उरांव ने वार्ड का निरीक्षण किया और बिजली बोर्ड के जेई को फोन कर खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग की है।

# लापुंग में करम पूर्व संध्या धूमधाम से मनाने का निर्णय



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** करम पूर्व संध्या मनाने को लेकर सापुकेरा पंचायत सचिवालय में मुखिया सविता उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ प्रखंड स्तरीय करम पूर्व संध्या मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने बताया कि कॉलेज मैदान में 21 सितंबर को इस बार करम पूर्व संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड के सभी गांवों से खोड़हा नृत्य दल शामिल होंगे। मौके पर सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष संजय उरांव, बतिया उरांव, मुखिया सरोज मुंडा, धुचला मुंडा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण के छठी महोत्सव में उमड़ी भीड़



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप को झुलन में रखकर श्रद्धालु झुलाते रहे। वहीं मौके पर विशेष भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूजा समिति के मुख्य संरक्षक नंदगोपाल साहू, अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू व भोग समिति के अशोक नारायण तिवारी, महेश साहू, किशोर मेहता, सुरेश साहू, प्रदीप महतो, मिथलेश साव, कैलाश साहू, लक्ष्मी महतो, प्रमेश्वर पांडेय, अर्जुन महतो, रामगती महतो, जगदीश महतो, सुरेन्द्र महतो, तुलसी महतो, शशि मेहता, आनंद महतो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

